श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय न्यास मन्दसौर म.प्र.

तीर्थंकर भगवान महावीर मार्ग (संजीत मार्ग), मन्दसौर (म.प्र.) 458001

(बी.सी.आई. से मान्यता प्राप्त एवं विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से सम्बद्ध)

प्राचार्य के एक पद हेतु विज्ञप्ति

(शासकीय विधि महाविद्यालय से सेवानिवृत प्राध्यापक या प्राचार्य भी आवेदन कर सकते है।)

(क) योग्यता–

1. पी.एच.डी. की उपाधि (विधि विषय में)
2. प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक के रूप में विश्वविद्यालय,महाविद्यालय अथवा उच्च शैक्षणिक संस्थान में अध्यापन एवं शोध कार्य का पंद्रह वर्ष का अनुभव।
3. न्यूनतम दस शोध कार्य का प्रकाशन जो कि यू. जी. सी. द्वारा सूचिबद्ध जर्नल्स में ।
4. यू.जी.सी. रेगुलेशन्स 2018 के एपेन्डिक्स II, टेबल 2 के अनुसार न्यूनतम 110 रिसर्च स्कोर के अनुसार शोध कार्य का प्रकाशन हो।

(ख) अवधि–

1. प्राचार्य पद पर पांच वर्ष के लिए नियुक्ति की जावेगी जिसमें से प्रारम्भ के दो वर्ष परिवीक्षा अवधि को सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर आगे तीन वर्ष और बढाए जावेगे तथा इसके बाद कार्य संतोषप्रद होने पर आगामी पांच वर्ष की अवधि और भी बढायी जा सकती है।

(ग)

1. आवेदक को साक्षात्कार के समय अपने सभी मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।
2. वर्तमान में सेवारत अभ्यर्थी को अपना आवेदन योग्य माध्यम से प्रेषित करना होगा।
3. अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी पूर्ण जानकारी स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ सचिव, श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय न्यास, तीर्थंकर भगवान महावीर मार्ग (संजीत मार्ग), मन्दसौर (म.प्र.) 458001 को इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के पंद्रह दिवस के भीतर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

(घ) वेतनमान–

रूपये 37,400 – 67,000/– के वेतनमान में रूपये 10,000/– ग्रेड पे तथा न्यास द्वारा समय समय पर स्वीकृत/देय भत्तों के साथ। आरंभ में वेतन तथा ग्रेड पे और अन्य भत्ते मिलाकर कुल ग्रोस पे 67000/– रूपये देय होगा।

(ड.) शासकीय विधि महाविद्यालय से सेवानिवृत प्राध्यापक अथवा प्राचार्य भी आवेदन कर सकते है। उन्हें सेवानिवृत्ति के समय अंतिम वेतन की राशि में से पेंशन की राशि घटाकर वेतन दिया जावेगा।

(च) सेवा शर्तें–

यू.जी.सी., बी.सी.आई., विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों तथा श्री जवाहर लाल नेहरू विधि महाविद्यालय न्यास द्वारा निर्मित नियमावली के अनुसार होगी।

रघुवीरसिंह चुण्डावत
सचिव
श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय
मन्दसौर